सार-समाचार

व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कपासन, (निसं)। कपासन में रामनवमी शोभायात्रा को लेकर पंचायत समिति सभागार में बैठक आयोजित की गई। डीएसपी हरजीलाल यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शोभायात्रा स्वीकृत मार्ग और निर्धारित नियमों के अनुसार ही निकाली जाएगी। डीएसपी हरजीलाल यादव सीआई रतन सिंह के शोभायात्रा रूटचाट का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में धारदार हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जुलूस मार्ग से तिरपाल हटाने के आदेश दिए गए हैं। आयोजन समिति को 20 सदस्यों की सूची उनके मोबाइल नंबर के साथ प्रस्तुत करनी होगी। सीएलजी और शांति समिति के सदस्य कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहकर सहयोग करेंगे। यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। कस्बे में दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक बस संचालन बंद रहेगा। बसें राजमार्ग स्थित बस स्टैंड से संचालित होंगी। धर्म सभा के दौरान वाहन पार्किंग सब्जी मंडी के पास रहेगी। झांकियां श्री राम मार्केट में खडी की जाएंगी। बैठक में तहसीलदार एम नासिर बैग मिर्जा, थानाधिकारी रतन सिंह, बंजरगदल जिला सयोजक रोहित सिंह राजपूत,दिलिप बारेगामा, पंकज सिरोया, अख्तर अली, शराफत भाटी, इब्राहिम टेलर, अशोक विजयवर्गीय, शंभू लाल बागड़ा,, गोपाल काबरा,, राकेश आचार्य, हिमांशु टांक,एसपी सिरोया, तरुण बारेगामा, छोटू वैष्णव,अखिलेश तिवारी समेत कई नागरिक मौजूद रहे। सभी ने भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का आ ान किया। साथ नगर पालिका प्रशासन को साफ सफाई व्यवस्था व शोभायात्रा के दौरान गोवंश का विशेष पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएसपी हरजीलाल यादव सीआई रतन सिंह के साथ शोभायात्रा रूट मार्ग का पैदल पुलिस जाब्ता के साथ निरीक्षण करते हुए व्यवस्था का जायजा लिया। ओर आवश्यक निर्देश दिए।

दो जेसीबी सहित बजरी सीज

उदयपुर,(कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर अवैध खनन के विरूद्ध चल रहे अभियान के तहत शनिवार को भी उदयपुर जिले में बड़े स्तर पर कार्यवाही की गई। खनि अभियंता आसिफ अंसारी ने बताया कि जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में गठित उपखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की ओर से लगातार मोनिटरिंग करते हुए कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को जिले भर में अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के 15 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें उपखण्ड क्षेत्र गिर्वा में अवैध निर्गमन के 3 प्रकरण दर्ज कर 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 डम्पर जब्त किया । अवैध स्टॉक का 1 प्रकरण दर्ज कर लगभग 500 टन खनिज बजरी जब्त की गई। उपखण्ड क्षेत्र मावली थाना मावली में 2 प्रकरण अवैध खनन के विरूद्ध दर्ज कर 2 जेसीबी एवं 2 ट्रेक्टर ट्रॉली खनिज 4 टन जब्त किए । वहीं परिवहन करते हुए 3 ट्रैक्टर ट्रॉली, 2 डम्पर लगभग 44 टन खनिज जब्त किया । अंसारी ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण के कुल 65 प्रकरण दर्ज कर 3.84 लाख रूपए की शास्ती वसूल की गई।

अष्टमी पर हुए अनुष्ठान

डूंगरपुर, (निसं)। चैत्र नवरात्रि के तहत शनिवार को अष्टमी पर जिले भर के शक्तिपीठों स्थलों पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। तथा कई स्थानों पर मेले भी भरे गये। शनिवार को दिन भर शक्तिपीठों स्थलों पर श्रद्वालुओं की खासी भीड रही। रविवार को रामनवमी का पर्व परम्परागत हर्षोल्लास के तहत मनाया जायेगा जिसके तहत रामबोला मठ में चल रहे चैत्र नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुर्ति होगी। तथा विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे। अष्टमी के तहत शहर के न्यू कॉलोनी, पुलिस लाईन, हाउसीग बोर्ड, कंसारा चौक, दर्जीवाडा, फौज का बडला स्थित देवी प्रतिमाओं की मनोहारी श्रृंगार भी किये गये तथा दर्शनार्थ धर्मप्रेमी उमडे। साथ ही जिले के शक्तिपीठ स्थल आशापुरा, विजवामाता, शितलामाता गलियाकोट आदि स्थानों पर विशेष मेलों का आयोजन भी हुआ। तथा जिले भर से श्रद्वालुओं का तांता लगा रहा। इधर शुक्रवार को रामनवमी के तहत नवरात्रि के दौरान चल रहे अनुष्ठानों की पूर्णाहुति हागी। जिसको लेकर मंदिर स्थलों को व्यापक रूप से सजाया संवारा गया है।

शीतल पेयजल पदार्थ, कूलरों की बढ़ी मांग

डूंगरपुर, (निसं)। अप्रेल माह के पहले सप्ताह से ही गर्मी के तीखें तेवर बदसुरत जारी है। वही शनिवार को अल सुबह से गर्मी ने अपना रोद्ररूप दिखाकर यह एहसास करा दिया है कि अभी तो मई माह में हालात किस तरह होंगे। साथ ही अभी से पंखे तो पूर्णतया नकारा साबित होने लग गये है। तो वही कूलरों की मांग यकायक बढ गई है। विगत दिनों से जारी गर्मी का रोद्र रूप लगातार बढता जा रहा है। जिसके चलते इन दिनों दिन में तो क्या शाम ढलने के बाद भी घरों से निकलना दुश्वार बन गया है। शनिवार को गर्मी के तेवर इस कदर तीखे थे, कि दोपहर 12 बजे बाद सडके विरान सी नजर आने लगी और जो भी आम नागरिक आवश्यक कार्यो से निकलता वह पूरे गर्मी के बचाव के उपाय के साथ निकल रहा था। इधर गर्मी के कारण जहां शहर के प्याऊ पर खासी भीड देखी गई तो वही गोटे की लारियां, शीतल पेय पदार्थ, ठण्डे तरबूजों की लारियों पर भी आम जन की भीड देखी गई। जिला कलेक्ट्रेट के बाहर पूंजपुर के लोगों ने किया प्रदर्शन

पूंजपुर को पंचायत समिति बनाने की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। पूंजपुर को नई पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर क्षेत्र के आस-पास के गांवों के सर्वसमाज के प्रतिनिधि जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को पंचायत समिति बनाने का आवेदन सौंपा। ज्ञापन में प्रतिनिधियों ने बताया कि पूंजपुर आस-पास की सभी ग्राम पंचायतों का मध्य केंद्र है। इससे पहले बनकोडा के ग्रामीणों ने वहां पंचायत समिति बनाने की मांग की थी। उन्होंने कई बार ज्ञापन भी दिए,लेकिन बनकोडा सडक मार्ग से अंदर की तरफ है, इससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि पूंजपुर में पंचायत समिति बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। ये सभी ग्राम पंचायतों के नागरिकों के लिए सुविधाजनक स्थान है। ये आसपास के क्षेत्र की जनता के लिए वरदान साबित होगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर पूंजपुर को पंचायत समिति नहीं बनाया जाता है, तो इसे आसपुर पंचायत समिति में रखा जाए।

दुर्गा नर्सरी चौराहे पर यातायात सुगम करने के लिए लगेंगे पेंसिल डिवाईडर

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर विधायक ने टीआरआई से जमीन लेकर सुगम यातायात के लिए बनाई गई सडक का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सडक के बीच में पेंसिल डिवाईडर लगाकर यातायात को दो भागों में बांटने के निर्देश दिए ताकी सडक पर जाम ना लगे। साथ ही टीआरआई की दीवार पर आदिवासी संस्कृति से जुडे चित्र बनाने के निर्देश भी दिए।

विधायक ताराचंद जैन ने शनिवार सुबह निवर्तमान महापौर जीएस टांक और निगम के अधिकारियों के साथ टीआरआई के बाहर नई बनी सडक का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक जैन ने अधिकारियों को कहा कि टीआरआई की नई बनी दीवार पर आदिवासी संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए चित्र बनाए जाएं और दरवाजा नया बनाया जाए।

■ **विधायक ने कहा कि टीआरआई की नई बनी दीवार पर आदिवासी संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए चित्र बनाए जाएं**

इसके साथ ही उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने अधिकारियों से कहा कि पैंसिल डिवाईडर लगाकर सडक को दो भागों में बांटा जाए ताकी जिस वाहन चालक को अशोक नगर से आयड की ओर जाना हो वो सीधा निकल जाए और खडा ना रहना पडे। इसी तरह लेकसिटी मॉल से आगे सुखाडिया पार्क के पास भी पैंसिल डिवाईडर लगाने के निर्देश दिए ताकी आयड से कुम्हारों के भट्टे की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी खडा ना रहना पडे और वह सीधा निकल जाए। इसी तरह दुर्गा नर्सरी रोड से अशोक नगर की ओर जाने वाले वाहन चालकों के लिए भी सडक पर पैंसिल डिवाईडर लगाए जाएं ताकी इन वाहन चालकों को भी खडे रहकर अपना समय व्यर्थ ना करना पडे।

इस दौरान नगर निगम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मुकेश पुजारी, अधिशाषी अभियंता शशीबाल सिंह, निवर्तमान महापौर जीएस टांक, निवर्तमान गैराज समिति अध्यक्ष मनोहर चौधरी, निवर्तमान पार्षद पूनम चंद मोर, भाजपा नेता दीपक बोल्या, जितेन्द्र मारू, महेश भावसार, ललित तलेसरा, ओमप्रकाश चित्तौडा उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि दुर्गा नर्सरी चौराहे पर जाम से निजात दिलाने के लिए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने टीआरआई अधिकारियों और जनजाति मंत्री से बात कर टीआरआई से करोडो रूपए मूल्य की करीब 2 से 3 हजार स्क्वायर फीट जमीन को निशुल्क निगम को सडक बनाने के लिए उपलब्ध करवाई। साथ ही सुखाडिया पार्क से भी करीब 2 हजार स्क्वायर फीट जमीन सडक के लिए उपलब्ध करवाई है। जहां पर निगम ने सडक बना दी है ताकी वाहन चालकों को व्यथ के जाम में ना फंसना पडे।

दुर्गानर्सरी रोड से अशोक नगर जाने वाले रोड पर एक देवरा और मंदिर है। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे देवरे के पुजारी व सेवकों से बात कर इस देवरे को कुछ ही दूरी पर स्थित पीपल के पेड के नीचे शिफ्ट करने का प्रयास करें ताकी सडक ओर चौडी हो सकें।

विधायक ताराचंद जैन ने दुर्गा नर्सरी चौराहे का निरीक्षण किया।

डी.लिट की उपाधि से नवाजे जायेंगे केन्द्रीय मंत्री शेखावत

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से 11 अप्रेल को प्रात: 10.30 बजे डबोक स्थित एग्रीकल्चर महाविद्यालय के सभागार में 20 वॉ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जायेगा।

कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत तैयारी बैठक में बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पीएचडीधारको को उपाधियॉ एवं स्नातक - स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। समारोह से पूर्व केन्द्रीय मंत्री को एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर करेंगे। अकादमिक कार्यकर्ता को निर्धारित ड्रेस कोड व उपाधिधारकों को सफेद कुर्ता, पाजामा तथा छात्राओं के लिए सफेद सलवार कुर्ता या साड़ी पहनना अनिवार्य होगा। प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि दीक्षांत समारोह में सार्वजनिक क्षेत्रों में किए गये नवाचारों को लेकर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को डी.लिट की उपाधि से नवाजा जायेगा। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. मलय पानेरी, प्रो. मंजु मांडोत, प्रो. आईजे माथुर, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. अवनीश नागर, डॉ. कला मुणेत, डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड, डॉ. हीना खान, डॉ. नीरू राठौड, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. रचना राठौड, डॉ. दिलीप सिंह चौहान, बालकृष्ण शुक्ला, डॉ. मधु मुर्डिया, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, उदय भान सिंह, डॉ. अलक नंदा, डॉ. भूरालाल श्रीमाली, डॉ. कुलशेखर व्यास सहित आदि मौजूद रहे।

■ **जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ का दीक्षान्त समारोह 11 अप्रेल को**

दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत आदि मौजूद रहे।

पीएचडी की उपाधि

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्विद्यालय) ने डिम्पल प्रभा जैन को पीएचडी प्रदान की है। डिम्पल प्रभा ने अपना शोध कार्य अथर्वसंहितायां वर्णित चिकित्सा पद्धतय औषधीय तत्वाश्च-एकाध्ययनम विषय पर राजस्थान विद्यापीठ के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज प्रकाश जोशी के निर्देशन में पूर्ण किया।

प्रशिक्षण शिविर 9 अप्रेल से

डूंगरपुर, (निसं)। बालिकाओं-महिलाओं को शारीरिक रूप से सशक्त करने के लिए, आत्मरक्षा का भाव जगाने के लिए मन की उडान संस्थान द्वारा शहर की समस्त नारी शक्ति के लिए आगामी 9,1०,11 अप्रैल सायं 4 से 7 बजे शिविर का आयोजन प्रताप उद्यान,प्रताप नगर, वार्ड नंबर 3०, महाराणा प्रताप चौराहा के पास किया जा रहा है।

आगामी 8 अप्रैल सायं 4 से 6 बजे उपरोक्त स्थल पर ही पूर्व प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर नि:शुल्क त्री दिवसीय शिविर की संपूर्ण रूपरेखा डिजिटल प्रेजेंटेशन व वीडियोज के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाई जायेगी तथा साथ ही सामूहिक मेंहदी,नृत्य-संगीत गतिविधियाँ भी महिलाएँ करेंगी। इस अवसर पर अधिवक्ता सोनम पुरोहित व आत्मरक्षा प्रशिक्षण अधिकारी अभ्यर्थियों को यष्टि, लाठी दंड, जूडो-कराटे, का प्रशिक्षण देंगी तथा तलवारबाजी का प्रदर्शन करेंगी।

साथ ही जिले की हर क्षैत्र की कमान संभालने वाली नारी शक्ति प्रेरणादायक और गणमान्य महिला अधिकारियों का मन की उडान मंच पर संगम होगा। यह पहल महिलाओं को प्रोत्साहित करने, सशक्त बनाने और उन्हें सम्मान एवं अधिकार दिलाने के उद्देश्य से की गई है।

नवीन कार्यकारणी का गठन

डूंगरपुर, (निसं)। अखिल राजस्थान प्रबोधक शिक्षक संघ ब्लॉक सीमलवाडा की नवीन कार्यकारणी का गठन जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ददोडिया की अध्यक्षता में किया गया।

जिला प्रवक्ता आशीष चौबीसा ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर रमणलाल पाटीदार लगातार तीसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। ब्लॉक कार्यकारणी में कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पटेल, संरक्षक दिनेश कुमार ननोमा, महामंत्री कुलदीप सिंह चौहान, सचिव भगवान लाल रोत, महिला महामंत्री रीता जैन, उपाध्यक्ष गौतमलाल ननोमा, माया पाटीदार, राखी पंडया, रीना पंड्या, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार पाटीदार, संगठन मंत्री शारदा लबाना, प्रवक्ता दिनेश कुमार भोई, जिला प्रतिनिधि मुकेश कोठारी, रमेश कुमार लबाना एवं ललित कुमार लबाना निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित सदस्यों का जिला अध्यक्ष द्वारा माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

स्थानांतरण व पदोन्नति को लेकर शिक्षक करेंगे आंदोलन

डूंगरपुर, (निसं)। अध्यापकों (तृवेश्रं) के स्थानांतरण तथा पदोन्नति करने की मांग को लेकर तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के खिलाफ राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने व्यापक स्तर पर राज्यव्यापी आंदोलन संगठित करने का निर्णय लिया है।

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की स्थाई समिति की बैठक में विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। सरकार और विभाग द्वारा प्रताडित करने के लक्ष्य से और भय पैदा करने के लिए शिक्षकों को निलंबित करने के कृत्यों की कडी आलोचना करते हुए लक्षित प्रताडना के समस्त प्रकरणों में निलंबित शिक्षकों को तुरंत बहाल कर न्याय प्रदान करने की बैठक में मांग की गई। बैठक में रेखांकित किया गया कि विभाग के शीर्ष स्तर से शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों को प्रताडित किया जाता है,यह उचित नहीं है, इससे विभाग में बेचैनी और आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है। जबरन थोपे जा रहे गैर शैक्षिक कार्यो ने शैक्षिक व्यवस्था की कमर तोड कर रख दी है।

बैठक में विद्यालयों के संचालन के लिए देय अनुदान राशि वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवस को आधी अधूरी जारी करने की कटू निंदा करते हुए विद्यालय उपयोग की समस्त प्रकार की धनराशि सत्र शुरू होते ही जारी करने की पुरजोर मांग की गई। विद्यालयों में भेजी गई खेल सामग्री और प्रश्न पत्रों में हुए भ्रष्टाचार पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए शीर्ष स्तर पर निरंतर बढते जा रहे हैं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की गई। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने पदोन्नत हुए व्याख्याताओं और प्रधानाचार्यों के पद स्थापना के लिए समस्त रिक्त पदों को दर्शाने और काउंसलिंग के माध्यम से इच्छित स्थान पर पदस्थापन करने की मांग की है।प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग की अध्यक्षता में संपन्न स्थाई समिति की बैठक में सर्वप्रथम संगठन के नेता और प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य वीरेंद्र सिंह पंवार के असामयिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर कला के चचेरे भाई के निधन पर शोक प्रकट किया गया और श्रद्धांजलि दी गई। बैठक को संगठन के महामंत्री उपेंद्र शर्मा, सभाध्यक्ष याकूब खान, कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव,संघर्ष संयोजक पोखरमल, उपाध्यक्ष भंवरलाल कसवा, हेमंत खराडी, अशोक लोदवाल, सुनीता सिहाग, पवन छिम्पा, प्रदेश मंत्री संजय पुरोहित, अंजू दुल्लड, विजयसिंह गौर ने संबोधित किया। बैठक में लिए निर्णयानुसार शीघ्र ही प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन कर व्यापक आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा निर्धारित की जाएगी।

पेसिफिक में कार्यशाला का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग और पीएमसीएच के मनोरोग चिकित्सा विभाग द्वारा 'रेजुविनेट-स्ट्रेस टू डिस्ट्रेस' विषय पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों और स्टाफ के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्म-जागरूकता और अकादमिक प्रदर्शन में सुधार लाना था।

आयोजन सचिव प्रोफेसर डॉ संजय नागदा ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.उम्मेद सिंह परिहार, गीतांजलि स्कूल ऑफ नर्सिंग के डीन डॉ.विजया अजमेरा, तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के डीन डॉ.के.सी यादव और मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश मेहता ने किया। संस्थान के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने कहा कि आज के तेजी से बदलते स्वास्थ्य क्षेत्र में, नर्सिंग पेशेवरों को मानसिक रूप से सशक्त और भावनात्मक रूप से संतुलित रहना अत्यंत आवश्यक है। ऐसी कार्यशालाएं न केवल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि उनके करियर को भी एक स्थिर और सकारात्मक दिशा देती हैं। संस्थान के सीईओ शरद कोठारी ने नर्सिंग क्षेत्र में मानसिक सशक्तिकरण और तनाव प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। पीएमयू के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल, ने कहा कि तनाव खासकर नर्सिंग जैसे सेवा प्रधान पेशे में, तनाव प्रबंधन की समझ और व्यावहारिक समाधान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के डीन एवं कार्यशाला के चेयरमेन डॉ.के.सी यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में एंजाइटी, डिप्रेशन ,खराब रिजल्ट्स और सहनशीलता घट रही है। कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों ने तनाव के कारण, इसके मानसिक और शारीरिक प्रभाव, और तनाव प्रबंधन के उपायों पर चर्चा की। पहले सत्र में डॉ. अमर यादव, प्राचार्य, राजकीय नर्सिंग कॉलेज, निंबाहेडा ने तनाव के कारकों और इसके प्रभाव पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि नर्सिंग स्टाफ में तनाव के मुख्य कारण कार्यस्थल का दबाव, शिफ्ट ड्यूटी, भावनात्मक थकावट और सामाजिक अपेक्षाएं हैं। दूसरे सत्र में पीएमसीएच के मनोरोग विभाग के एचओडी डॉ.सुरेश मेहता ने तनाव के मानसिक और शारीरिक प्रभाव पर चर्चा की। तीसरे सत्र में गीतांजलि स्कूल ऑफ नर्सिंग के डीन प्रो.(डॉ.) विजय अजमेरा ने एकेडेमिक परफॉर्मेंस और मानसिक तनाव के बीच संबंध पर बात की। चौथे सत्र में क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग एचओडी प्रो.(डॉ.) दीपक कुमार साल्वी, ने तनाव से निपटने के उपायों पर व्याख्यान दिया। अंतिम सत्र में स्वास्थ्य कल्याण,जयपुर के प्राचार्य डॉ.सतीश अवस्थी, ने मानसिक मजबूती और आत्म-देखभाल पर चर्चा की। कार्यशाला को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल द्वारा 5 घंटों के क्रेडिट के रूप में मान्यता दी गई थी, और इसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला मे मंच संचालन एसोसिएट प्रो. चेतना पालीवाल ने किया। कार्यशाला में डॉ हरीश कुमावत, विवेक चौबीसा, दीपक वैष्णव, विशाल चौहान, इशिका वैष्णव, अनामिका पंवार, भूमि निमावत,दीपिका वसीटा, खुशबू वैष्णव आदि मौजूद रहे।

■ **'रेजुविनेट-स्ट्रेस टू डिस्ट्रेस' पर हुई कार्यशाला**

पेसिफिक में 'रेजुविनेट-स्ट्रेस टू डिस्ट्रेस' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण।

सार-समाचार

'सरकार व्यापारियों के हित के लिए प्रतिबद्ध'

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा यूसीसीआई भवन के पीपी सिंघल ऑडिटोरियम में व्यापारी एवं उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी ने अपने सम्बोधन में यह स्वीकार किया कि केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उद्यमियों और व्यापारियों को नहीं है। सुनील सिंघी ने जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा व्यापारियों के सुझावों को अमल में लाने एवं उनके हित के लिए एक पृथक विभाग राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया है। कभी नहीं सोचा था कि व्यापारियों के कल्याण के लिए कोई व्यवस्था खडी होगी। इस विभाग से पूरे भारत के व्यापारियों में परस्पर कनेक्टीविटी हो गई है एवं उनकी केन्द्र सरकार तक सीधे पहुंच हो गई है।राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सुझाव पर सरकार द्वारा व्यापार को सुगम बनाने की मुहिम के तहत चालीस हजार अनुपालनाओं को रद्द किया गया। पूर्व में छोटी-सी अनुपालना में चूक होने पर व्यापारी को जुर्माना भुगतना पडता था। अब सरकार की नीति व्यापार में न्यूनतम हस्तक्षेप की है। सरकार द्वारा जिला मुख्यालय में व्यापारियों की सुविधा हेतु फैसिलिटी सेन्टर का गठन किया जायेगा जिसमें जिला कमेटी के व्यापारी सदस्यों की प्रतिमाह बैठक आयोजित की जायेगी। ऑनलाईन लिंक द्वारा प्रत्येक सोमवार को व्यापारी सरकार को अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओ.एन.डी.सी.) के माध्यम से पंजीकरण के बाद व्यापारी अपने माल को देश में कहीं पर भी बेच सकता है। सरकार द्वारा महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण हेतु मातृ शक्ति वन्दना बिल पारित किया है। साथ ही महिलाओं को तेतीस प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की गई है जिससे महिलाएं आगे बढेंगी।विशिष्ट अतिथि चेम्बर ऑफ कॉमर्स (उदयपुर डिविजन) के अध्यक्ष पारस सिंघवी ने व्यापारियों से अपनी समस्याएं उचित मंच के माध्यम से रखकर समाधान तलाशने का आव्हान किया। कॉन्फीड्रेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स (कैट) के महिला प्रकोष्ठ की चेयरपर्सन श्रीमति विजयलक्ष्मी गलुंडिया ने महिला उद्यमियों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन प्रदान किये जाने का सुझाव दिया।आरम्भ में वरिष्ट उपाध्यक्ष मनीष गलूण्डिया ने अपने स्वागत भाषण में वाणिज्यक उपक्रमों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बढावा देने के लिये यूसीसीआई द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी खुली परिचर्चा में उदयपुर के विभिन्न व्यापार संघों के प्रतिनिधियों ने सुझाव रखे।

परिंडा अभियान का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। बढ़ती गर्मी में पक्षियों की सेवा के लिए परिंडा अभियान की शनिवार को शुरूआत की। यूआईटी के पूर्व चेयरमैन एवं पर्यावरण प्रेमी रवींद्र श्रीमाली ने माछला मगरी स्कीम, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र में एकलिंग पार्क से अभियान का शुभारंभ किया। राजस्थान समाज सेवा संस्थान के संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि माछला मगरी स्कीम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र शिवम पार्क और त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर परिसर में भी लगाए परिंडे लगाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी दीपक बोल्या, नगर निगम की सांस्कृतिक समिति की पूर्व अध्यक्ष चंद्रकला बोल्या, मोनिल बोल्या, विवान श्रीमाली, संदीप बोल्या और रोशन ने भी पक्षियों की सेवा के लिए परिंडे लगाए। शिवम पार्क में नाथूसिंह राजपूत, जमना लौहार और लक्ष्मी बाई वैरागी ने परिंडों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी ली। संस्थान के संरक्षक दिनेश कोठारी ने बताया कि अभियान के तहत निशुल्क परिंडे वितरित किए। शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में परिंडे लगाने का अभियान गर्मी के सीजन में जारी रहेगा।

शतरंज प्रतियोगिता 10 से

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिला शतरंज संघ एवं वर्धमान चेस अकैडमी के संयुक्त तत्वावधान में स्व. लायन भगवती लोढ़ा की स्मृति में जिला अंडर-11 बालक एवं बालिका शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 10 अप्रैल से सेंट्रल एकेडमी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 11 वर्ष तक की आयु के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के बीच मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के द्वारा श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो राजस्थान राज्य अंडर-11 शतरंज प्रतियोगिता में उदयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।इसके साथ ही जिला सीनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 13 व 14 अप्रैल को होगा। जिसमें किसी भी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले पायेंगे। प्रतियोगिता से चयनित प्रथम 4-4 खिलाड़ी बालक व बालिका वर्ग में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे व अजमेर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। संयोजक उषा लोढ़ा ने बताया कि यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 6 या 7 राउंड में संपन्न होगी। इच्छुक खिलाड़ी 8 अप्रैल तक अपनी प्रविष्टिजिला शतरंज संघ के सचिव इंद्र कुमार प्रजापत को या फिर लाइव चेस डॉट इन पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण

उदयपुर, (कासं)। श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन ने नारी वैभव मुहिम के तहत 20 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण शिविर से जोडा है। शिविर एमएसएमई के तहत नेहरु छात्रावास में संचालित किया जा रहा है। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर के तहत नारी वैभव मुहिम योजना में सिलाई प्रशिक्षण शिविर से महिलाओं को जोडा जा रहा है। शनिवार को 20 और महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण शिविर से जोडा है। यह सभी युवतियां और महिलाएं एमएसएमई के तहत नेहरु छात्रावास में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। शिविर 3 महीने का होगा जिसमें आखिर में परीक्षा के बाद सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। शिविर में भाग लेने वाली महिलाओं के लिए अधिकतम 40 वर्ष की उम्र वआठवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जो महिलाएं शिविर में भाग लेना चाहती हैं वे नेहरु हॉस्टल सेक्टर 3 में संपर्क कर सकती है।

सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा 9 को

उदयपुर, (कासं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभ राज्य स्तरीय सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा 9 अप्रैल को जोगीतालाब स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पहुंचेगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड की सड़कों के समुचित रखरखाव में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से यह यात्रा 30 मार्च को श्रीगंगानगर से प्रारंभ की गई हैं। प्रदेश के अधिकांश जिला मुख्यालयों से होकर गुजरेगी।

दिव्यांग कन्या पूजन आज

उदयपुर, (कासं)। नारायण सेवा संस्थान द्वारा रविवार को मानव मन्दिर, हिरण मगरी, सेक्टर-4 में दुर्गाष्टमी पर महानुष्ठान के साथ दिव्यांग कन्याओं का पूजन होगा। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि संस्थापक पद्मश्री कैलाश 'मानव' व कमला देवी के सानिध्य में आयोजित इस दिव्य आयोजन के मुख्य अतिथि इंगरसोल रेंड कम्पनी, बैंगलोर के प्रबंध निदेशक सुनील रवन्दूजा होंगे।

जन्म कल्याणक जन्मोत्सव का आगाज

डूंगरपुर, (निसं)। श्री जैन नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में 6 दिवसीय भगवान महावीर का 2624 का जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज शनिवार को निबंध प्रतियोगिता के साथ आगाज हुआ जिसमे कई प्रविष्ठिया शामिल हुई। सचिव सुनील जैन ने बताया कि जन्म कल्याणक के तहत 5 अप्रेल को जैनिज्म,पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता ली गई। रविवार को जैन सोसायटी स्थित श्री संभवनाथ जैन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ.कुशल जैन के निर्देशन में होगा। साथ ही दोपहर में रंगोली प्रतियोगिता व रात्रि को ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर के परिसर में डांडिया रास का आयोजन होगा।

शोभायात्रा में भाग लेने का आव्हान

डूंगरपुर, (निसं)। चैंबर ऑफ कॉमर्स जिला डूंगरपुर के अध्यक्ष के.के. गुप्ता ने जिले के समस्त व्यापारियों से अपील की है कि वह 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को भव्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें तथा अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर सभी शोभा यात्रा में भाग लेवें।

MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY
UDAIPUR-313039, Ph.No. (+912942471900)
Estate Office E-Tender Notice-1
No. EO/MLSU/E-Tender/2025-26/01 Dated-01/04/2025
NIB CODE: SUU2526A0001 UBN No: SUU2526WSOB00001 to 00004
Bid for **Miscellaneous work at, M.L.S University, Udaipur** are invited from interested bidders upto at **5:00 P.M.** on **14/04/2025**. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (http://www.sppp.raj.nic.in) of the state and www.mlsu.ac.in departmental website.
Executive Engineer